तापमान
अधिकतम 25.0 डिग्री
न्यूनतम 12.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, गुरुवार 25 दिसंबर 2025

12 कार्गो टर्मिनल रेलवे लाइन के खिलाफ किसानों ...

12 आयुष चिकित्सा शिविर में 762 ग्रामीणों ...




## खबर संक्षेप

### एसआईआर में भाटापारा विधानसभा में 38 हजार 619 नाम कटे

**भाटापारा।** एसआईआर के पहले चरण का कार्य पूरा हो चुका है। इसके प्रारंभिक प्रकाशन की सूची बीएलओ के पास देखा जा सकेगी, वहीं जिनके नाम किसी कारण से कटे हैं, उनके लिए दावा आपत्ति का दौर शुरू होगा, भाटापारा विधानसभा क्षेत्र में एसआईआर गणना से पहले करीब 2 लाख 67 हजार 241 वोटर थे। वहीं एसआईआर के बाद प्रारंभिक प्रकाशन में 2 लाख 28 हजार बचे हैं। पूरे विधानसभा में 38 हजार 619 नाम मृत्यु या डबल या फिर किसी अन्य कारण से कटे है, जिस पर दावा आपत्ति लिया जायेगा भाटापारा शहरी और ग्रामीण क्षेत्र से करीब 27 हजार नाम कटे हैं वहीं सिमगा से करीब 11 हजार नाम कटे हैं। वहीं शहरी क्षेत्र में करीब 50 हजार मतदाता थे, इनमें से 7 हजार से अधिक शहरी क्षेत्र से कटे है। निर्वाचन सूत्रों ने बताया कि एक एक वार्ड से काफी बारीकी से छानबीन करके ही नाम को काटा या जोड़ा गया है। इस कार्य में पूरी पारदर्शिता बरती गई है। शहरी क्षेत्र के 31 वार्डों से बीएलओ की रिपोर्ट के आधार पर छानबीन कर नाम को विलोपित किया गया है।

### तालाब खुदाई में 150 श्रमिकों को मिला रोजगार



**पलारी।** विकासखंड के ग्राम पंचायत सोनारदेवरी में मनरेगा के तहत तालाब खुदाई का कार्य किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत 150 मजदूरों को काम मिल रहा है। सरपंच प्रतिनिधि भोला जोशी ने बताया कि गांव में गर्मी के दिनों में निस्तारी की भारी समस्या रहती है, वहीं मवेशियों को पानी के लिए इधर उधर भटकना पड़ता है, जिसके लिए मनरेगा के तहत तालाब बनाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने यह कार्य करीब 20 से 25 दिन चलने की बात कही है।

### हिंदू राष्ट्र की मांग पर दिल्ली में शिवसेना का प्रदर्शन

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ शिवसेना द्वारा हिंदू राष्ट्र की मांग को लेकर देश की राजधानी दिल्ली में 17 दिसंबर को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। प्रदेश उपाध्यक्ष धर्मेंद्र ठाकुर ने बताया कि छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार के नेतृत्व में पांच साल से लगातार दिल्ली में धरना प्रदर्शन किया गया। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम ज्ञापन सौंपा गया और मांग की गई कि जल्द हिंदू राष्ट्र घोषित करें। देश के 80 प्रतिशत हिंदू समाज की मांग को पूरा करें। गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करें।

### महुआ शराब जब्त, एक आरोपी पर कार्रवाई

**महासमुंद।** शराब की अवैध बिक्री कर रहे एक व्यक्ति पर सरायपाली पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि ग्राम बैतारी के श्री कृष्णा तेल मिल के पास में एक व्यक्ति द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री किए जाने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचकर आरोपी विजय नंद पिता मार्तंड नंद (37 वर्ष) निवासी जोगनीपाली थाना सरायपाली के कब्जे से कुल 18 लीटर हाथ भट्ठी निर्मित महुआ शराब कीमत 3600 रुपए को जब्त किया है। आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### किसान की बाईक से ढाई लाख की उठाईगिरी

महासमुंद। बागबाहरा के वार्ड क्रमांक 5 स्थित चन्द्राकर मोटर वाइंडिग के सामने से से एक किसान की दोपहिया वाहन की डिक्की से दो लाख पैंसठ हजार की उठाईगिरी का मामला सामने आया है।





**विरोध : बजरंग चौक से निकाली आक्रोश रैली, गार्डन चौक पर सभा कर मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन**

# सर्व समाज के आह्वान पर बंद रही शहर की दुकानें





हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

सर्व समाज के आह्वान पर छत्तीसगढ़ बंद का बलौदाबाजार में व्यापक और स्वतःस्फूर्त असर देखने को मिला। नगर के प्रमुख बाजार एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठान बंद रहे और आम जनजीवन पर बंद का स्पष्ट प्रभाव दिखाई दिया।

इसी क्रम में दोपहर 12 बजे बलौदाबाजार के बजरंग चौक से आक्रोश रैली का आयोजन किया गया। रैली में बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों, युवाओं, मातृशक्ति एवं जनप्रतिनिधियों की सहभागिता रही। रैली के दौरान आमाबेड़ा एवं नारायणपुर की घटनाओं के विरोध के साथ-साथ धर्मांतरण के खिलाफ जोरदार




नारेबाजी की गई।

आक्रोश रैली नगर भ्रमण के पश्चात गार्डन चौक पहुंचकर सभा में परिवर्तित हो गई। यहां आयोजित सभा को विभिन्न समाज प्रमुखों एवं जनप्रतिनिधियों ने संबोधित किया। वक्ताओं ने छत्तीसगढ़ में कथित रूप से बढ़ रही धर्मांतरण की गतिविधियों एवं कुछ संगठनों की गुंडागर्दी पर तीखा आक्रोश व्यक्त किया। साथ ही समाज को एकजुट होकर संगठित प्रतिकार करने का आह्वान किया गया।कार्यक्रम के समापन अवसर पर उपस्थित प्रतिनिधियों द्वारा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें जनभावनाओं से अवगत कराते हुए उचित कार्रवाई की मांग की गई।

## कांकेर हिंसा के विरोध में भाटापारा बंद रहा सफल



**भाटापारा।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज इकाई भाटापारा के उपाध्यक्ष अमरजीत सिंह सलूजा ने बताया कि कांकेर (आमाबेड़ा) में धर्मांतरण के हिंसक विरोध एवं उसके पश्चात सामने आए प्रशासनिक भेदभाव के खिलाफ सर्व समाज छत्तीसगढ़ के आह्वान पर 24 दिसंबर को आयोजित छत्तीसगढ़ बंद को चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का पूर्ण समर्थन प्राप्त हुआ। भाटापारा में सुबह से ही हटरी बाजार, सदर बाजार, बस स्टैंड क्षेत्र, सब्जी मार्केट सहित सभी प्रमुख बाजार पूरी तरह बंद रहे। उल्लेखनीय है कि चेम्बर भवन में प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी के नेतृत्व में आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में व्यापारिक संगठनों द्वारा इस बंद को सफल बनाने की रणनीति तय की गई थी। बैठक में कार्यकारी अध्यक्ष जसप्रीत सिंह सलूजा ने कहा कि चेम्बर के गठन के बाद यह पहला अवसर है, जब किसी बंद को इतना व्यापक एवं स्वतःस्फूर्त समर्थन प्राप्त हुआ है। उन्होंने कांकेर की घटना की कड़ी भर्त्सना करते हुए कहा कि प्रशासनिक भेदभाव के खिलाफ प्रदेश का व्यापारी वर्ग पूरी तरह लामबंद हो चुका है। भाटापारा में बंद पूर्णतः सफल रहा। चेम्बर ऑफ कॉमर्स की ओर से श्रीचंद छाबड़िया ने सभी व्यापारियों एवं संगठनों का आभार व्यक्त किया।

## शराब विवाद में हुई नृशंस हत्या के दोषी चार सगे भाइयों को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

■ 10-10 हजार रुपए अर्थदंड भी देना होगा

थाना गिधौरी क्षेत्र के ग्राम दर्रा, टुंडरा में शराब पीने और पिलाने को लेकर हुए विवाद में एक व्यक्ति की बेरहमी से हत्या के मामले में न्यायालय ने बड़ा फैसला सुनाया है। प्रधान सत्र न्यायाधीश अब्दुल जाहिद कुरैशी ने चार सगे भाइयों को दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार यह घटना रात्रि के समय घटित हुई। आरोपी कृष्णा साहू, राजेश कुमार साहू, उमेश कुमार साहू एवं रविशंकर साहू चारों सगे भाई ने शराब विवाद को लेकर रामशंकर साहू की पत्नी और बच्चों को रोककर रखा तथा रामशंकर साहू को फोन कर मौके पर बुलाया। जब रामशंकर घटना स्थल पर पहुंचा, तो चारों आरोपियों ने उसके साथ हाथ-मुक्कों से मारपीट शुरू कर दी। आरोपियों ने उसे उठाकर जमीन पर पटक दिया और पत्थर से उसके सीने पर वार किया। बीच-बचाव करने पहुंची मृतक की पत्नी, बच्चे एवं भतीजे को आरोपियों ने धमकी दी कि यदि वे वहां से नहीं हटे तो उन्हें भी जान से मार दिया जाएगा। इस दौरान मृतक के भतीजे नितेश पर भी पत्थर से हमला कर उसे घायल कर दिया गया। घटना को अंजाम देने के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। परिजन रामशंकर साहू को उपचार के लिए अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की रिपोर्ट थाना गिधौरी में दर्ज की गई। पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में चालान पेश किया। अभियोजन पक्ष की ओर से कुल 18 साक्षियों के बयान दर्ज कराए गए। चक्षुदर्शी गवाहों, घटनास्थल के साक्ष्यों तथा आरोपियों के मेमोरेंडम कथन और जप्ती पत्रकों के आधार पर अपराध को प्रमाणित किया गया। सुनवाई के पश्चात अंतिम तर्क के दौरान ▸▸ शेष पेज 12 पर

## सुशासन सप्ताह में हितग्राहियों को दिया गया स्वामित्व कार्ड और आवास की चाबी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

सुशासन सप्ताह प्रशासन गांव की ओर अभियान अंतर्गत मंगलवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर दीपक सोनी ने प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना अंतर्गत 24 किसानों को अधिकार अभिलेख एवं प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत 5 हितग्राहियों को उनके आवास की चाबी सौंपी।

कलेक्टर सोनी ने कहा कि 19 से 25 दिसम्बर तक जिले में सुशासन सप्ताह मनाया जा रहा है,





जिसमें लोगों की समस्याओं को सुनने व निराकरण करने प्रशासन गांव पहुंच रही है। सुशासन शिविर में सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहकर लोगों की समस्या का निराकरण करें तथा पात्रता अनुसार योजना से लाभान्वित भी करें। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा अनुरूप योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाने का काम किया जा रहा है। सामूहिक प्रयास, सहभागिता और सहयोग से जिले को विकसित जिला बनाने की दिशा में जिला प्रशासन अग्रसर है। इस अवसर पर कलेक्टर ने उपस्थित समूह की महिलाओं एवं हितग्राहियों को विकसित जिला बनाने संकल्प दिलाया। कार्यशाला में सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, डिप्टी कलेक्टर रजनी छड़ीमली सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

**उपभोक्ता आयोग ने जागरूकता शिविर नियमों की दी जानकारी**

## उपभोक्ता आयोग के फैसले का पालन नहीं करने पर वादी को तीन साल की सजा व जुर्माने का प्रावधान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

जिला उपभोक्तता आयोग बलौदाबाजार द्वारा आरकेजी शाला के ग्राउंड में उपभोक्ता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

अभियान में सभी प्रतिभागियों को सदस्य हरजीत सिंह चावला ने ई-हियरिंग के संबंध में छत्तीसगढ़ को देश का पहला राज्य बनने पर राज्य उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति गौतम चौरडिया के प्रति आभार ज्ञापित किया। उन्होंने बताया कि उपभोक्ता आयोग में प्रकरण के निराकरण होने के बाद यदि पैसा या वस्तु प्राप्त नहीं होती तब नियमानुसार 3 वर्ष की सजा या 25 हजार रुपए से एक लाख रुपए का जुर्माना हो सकता है। उन्होंने बताया कि




परिवादी या विरोधी पक्ष जिला आयोग के आदेश से संतुष्ट नहीं है तो राज्य आयोग, राष्ट्रीय आयोग व सर्वोच्च न्यायालय तक अपने हक के लिए अपील में जा सकता है। यह भी जानकारी दी गई कि उभय पक्ष की सहमति से उपभोक्ता आयोग प्रकरण को मध्यस्थ व लोक अदालत के माध्यम से भी निराकृत कर सकते हैं।

सदस्य शारदा सोनी ने भी जानकारी दी कि अपने हित के विरुद्ध संविदा से परेशान होने पर ई-जागृति पोर्टल के माध्यम से ई-फाइलिंग आयोग के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि जिला आयोग में शिकायत दायर करने के लिए वाद मूल्य के आधार पर पंजीयन शुल्क 5 लाख तक शून्य, 5 लाख से अधिक और 10 लाख से कम पर 200 रुपये,10 लाख से अधिक 20 लाख से कम पर 400 रुपये, 2 0 लाख से अधिक और 50 लाख से कम पर 1000 रुपये शुल्क होगी। शिविर में जिला उपभोक्ता आयोग के कर्मचारीगण दिनेश शर्मा, अम्बिका गोटा, धीरज दुबे, आर.के.जी स्कूल संचालक, प्राचार्य सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं आमजन उपस्थित थे।

## खरीदी केन्द्र धनसीर में धान की आवक बढ़ी



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बिलाईगढ़

धान खरीदी केन्द्र धनसीर में इस खरीफ सीजन में धान की बम्पर आवक दर्ज की जा रही है। केन्द्र में अब तक कुल 23,244 क्विंटल 80 किलो धान की खरीदी की जा चुकी है, लेकिन अपेक्षित गति से उठाव नहीं होने के कारण समिति की चिंताएं बढ़ती जा रही हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक मात्र 1,280 क्विंटल धान का ही उठाव हो पाया है, जबकि शेष 21,944 क्विंटल 80 किलो धान अभी भी खरीदी केन्द्र परिसर में रखा हुआ है। लगातार आवक बने रहने और उठाव की धीमी प्रक्रिया से केन्द्र में भंडारण की समस्या खड़ी हो रही है। समिति पदाधिकारियों ने बताया कि धान खुले आसमान के निचे है तथा जंगल से लगा हुआ है इस रास्ते में जंगली हाथी ▸▸ शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप

### केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा से मुलाकात, किया स्वागत

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा के छत्तीसगढ़ दौरे पर उनका भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, समाजसेवी एवं भाजपा की वरिष्ठ सदस्य शारदा सिंह सहित प्रदेश के पदाधिकारियों ने श्री नड्डा से शिष्टाचार भेंट एवं मुलाकात की।

### सोनकर समाज का परिचय सम्मेलन वरिष्ठजनों का किया सम्मान

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सोनकर समाज द्वारा प्रदेश स्तरीय विवाह योग्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया। साथ ही आदर्श विवाह और समाज के वरिष्ठजनों का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम में देशभर के 4 हजार समाजजन शामिल हुए। इस दौरान लगभग 150 वरिष्ठजनों का सम्मान समाज की ओर से गमछा और प्रतीक चिन्ह भेंट कर किया गया। कार्यक्रम बालोद जिले के नेवारीकला में मंगलवार को हुआ। समाजजनों ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान समाज की संचालित सभी संस्थाओं के आय-व्यय का प्रस्तुतिकरण एवं अनुमोदन किया गया। कार्यक्रम में चेतन सोनकर, डॉ. भीषम सोनकर, मुकेश सोनकर, शारदा प्रसाद सोनकर समेत बड़ी संख्या में समाजजन शामिल रहे।

### अनुवादक भर्ती परीक्षा के मॉडल उत्तर जारी

**रायपुर।** व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा उच्च न्यायालय के अंतर्गत अनुवादक पदों के लिए आयोजित भर्ती परीक्षा के मॉडल आंसर जारी कर दिए गए हैं। 14 दिसंबर को यह परीक्षा आयोजित की गई थी। अभ्यर्थी वेबसाइट में प्रदर्शित उत्तरों पर सप्रमाण दावा-आपत्ति 29 दिसंबर तक कर सकते हैं। पोर्टल पर दावा-आपत्ति हेतु अभ्यर्थी को अपना पंजीकृत मोबाइल नंबर एवं पासवर्ड डालकर प्रोफाइल में लॉगिन करना होगा और निर्देशानुसार दावा-आपत्ति दर्ज करानी होगी।

### पीडब्लूडी के एक ईई और दो एसडीओ का निलंबन

**रायपुर।** जीरो टॉलरेंस की नीति पर अमल करते हुए राज्य शासन ने भ्रष्टाचार में संलिप्तता और गिरफ्तारी पर लोक निर्माण विभाग के एक ईई और दो एसडीओ को निलंबित कर दिया है। विभाग ने बीजापुर के नेलसनार-कोडोली-मिरतुल-गंगालुर मार्ग के निर्माण कार्य में हुए भ्रष्टाचार के संबंध में गंगालूर थाने में अपराध पंजीबद्ध होने के बाद विवेचना के दौरान प्रकरण में संलिप्तता पर लोक निर्माण विभाग के संभाग सुकमा के कार्यपालन अभियंता हरनारायण पात्र, उपसंभाग क्रमांक-1 बीजापुर के अनुविभागीय अधिकारी प्रमोद सिंह तंवर और सेतु उपसंभाग जगदलपुर के अनुविभागीय अधिकारी संतोष दास को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

पेज 11 के शेष

### शराब विवाद में...

सरकारी वकील एवं लोक अभियोजक थानेश्वर वर्मा ने न्यायालय के समक्ष सशक्त दलीलें प्रस्तुत कीं। उन्होंने तर्क दिया कि चारों आरोपियों ने मृतक की पत्नी, बच्चे और भतीजे के सामने अत्यंत क्रूरता से रामशंकर साहू की पिटाई कर उसकी हत्या की है, अतः उन्हें कठोरतम सजा दी जानी चाहिए। सभी साक्ष्यों और तर्कों से सहमत होते हुए प्रधान सत्र न्यायाधीश अब्दुल जाहिद कुरैशी ने 23 दिसंबर को निर्णय पारित किया। न्यायालय ने आरोपियों कृष्णा साहू, राजेश कुमार साहू, उमेश कुमार साहू एवं रविशंकर साहू को भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1), 115(2) एवं 3(5) के तहत हत्या का दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास तथा प्रत्येक को 10 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड अदा नहीं करने की स्थिति में अतिरिक्त कठोर कारावास भुगतना होगा। सभी आरोपी वर्तमान में जेल में निरुद्ध हैं।

### खरीदी केन्द्र धनसीर...

भी विचरण करते हैं कभी भी आ सकते हैं, यदि शीघ्र ही धान का उठाव नहीं किया गया तो किसानों की सुविधा, सुरक्षा व्यवस्था तथा धान के संरक्षण में कठिनाइयां उत्पन्न हो सकती हैं। उन्होंने संबंधित विभागों से शीघ्र उठाव की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो और खरीदी कार्य सुचारू रूप से जारी रह सके।

# ग्रामीणों, छात्र- छात्राओं की आंखों की जांच कर, किया गया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर असौंदा में एमजीएम नेत्र संस्थान ने ग्रामीणों को निःशुल्क नेत्र जांच और उपचार प्रदान किया। नेत्र रोग विशेषज्ञ कीर्ति देवांगन, भूमिका जायसवाल ऑप्टोमेट्रीस्ट, ख़ेमीन साहू, लीला रजत, रेणु साहू विजन टेक्नीशियन एवं हिरेंद्र साहू कोऑर्डिनेटर ने ग्रामीणों की आंखों की जांच की।

अलग खबर

साथ ही साथ सभी स्वयंसेवी बच्चों की भी आवश्यक नेत्र परीक्षण कर चश्मा एवं दवाइयां प्रदान की। शिविर में ग्रामीणों और स्वयंसेवी छात्राओं को नेत्र स्वास्थ्य के बारे में जागरूक भी किया गया। उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

साथ ही पशु पालन विभाग की रश्मि गुप्ता सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी की टीम द्वारा भी ग्राम असौंदा में घर-घर जाकर पशुओं का आवश्यक उपचार किया। टीम ने पशुओं की जांच की, दवाएं दीं। पशु उपचार 13, दवा वितरण 97, बधीयाकरण 01, लाम्बा ग्राम 01, लाम्बा हित 09 की उपचारात्मक काम किया गया। साथ ही ग्रामीणों को पशुओं की देखभाल के बारे में जागरूक किया।

## पशु विभाग ने घर- घर पशुओं की जांच कर किया उपचार

### मानवाधिकार संबंधी जानकारी दी

शिविर के तृतीय दिवस के बौद्धिक परिचर्चा कालखंड में डोमार सिंह यादव सेवानिवृत्त व्याख्याता द्वारा मानव अधिकारों पर विस्तृत जानकारी स्वयंसेवी छात्र/छात्राओं को दी गई। जिसमें मानव अधिकारों के महत्व, प्रकार और सुरक्षा के तरीकों पर प्रकाश डाला। स्वयंसेवकों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया और उन्हें अधिकारों के लिए लड़ने के लिए प्रेरित किया गया।




### इनकी रही उपस्थिति

इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम परिचर्चा कार्यक्रम में शिविर कार्यक्रम अधिकारी शाहिना परवीन, ग्राम असौंदा सरपंच जितेंद्र चंद्राकर सरपंच, रविन्द्र तुरकाने उपसरपंच, प्राचार्य खिलेश्वर जायसवाल, नेवारन दास गायकवाड़ प्रधानपाठक, डी.पी. वर्मा शिक्षक, पंचगण हरीश साहू, मनीष यादव, योगेश्वरी यादव, प्रमिला साहू, कुमारी बाई वर्मा, काजल ढीढी, रमेशिया बाई बांधे, हेमलता चंद्राकर, गंगा साहू, अश्वनी कुर्रे, सनत कुमार, बसंत विश्वकर्मा, राधिका यादव, शाला समिति अध्यक्ष डिगेश्वरी यादव, पुष्पा साहू, त्रिवेणी वर्मा, कविता साहू, ग्राम सचिव, ग्रामवासी एवं समस्त स्वयंसेवी छात्र/छात्राएं उपस्थित थे।

## विरोध : बैठक में आसपास गांवों के किसान हुए शामिल

# कार्गो टर्मिनल रेलवे लाइन के खिलाफ किसानों का विरोध, 13 गांवों के कृषक हुए एकजुट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला



गतिशील मल्टी मॉडल कार्गो टर्मिनल परियोजना के अंतर्गत प्रस्तावित रेलवे लाइन निर्माण के लिए किए जा रहे भूमि अधिग्रहण के खिलाफ सुहेला अंचल के किसानों का आक्रोश लगातार तेज होता जा रहा है। रेलवे कॉरिडोर से प्रभावित 13 गांवों के जनप्रतिनिधियों एवं किसानों ने सुहेला में बैठक कर आगामी रणनीति तय की और चेतावनी दी कि यदि शासन-प्रशासन ने उन्हें अंधेरे में रखकर रेलवे लाइन बिछाने का प्रयास किया तो वे परिवार सहित सड़क पर उतरकर संघर्ष करेंगे।

बैठक में प्रमुख रूप से भुवनेश्वर वर्मा नयापारा, चिंताराम वर्मा केसली, संजय ध्रुव, वेदराम वर्मा, भूखन लाल वर्मा धोबनीडीह, बलराम वर्मा, योगेंद्र वर्मा केसली, सुरेंद्र वर्मा झीपन, मंगलुराम खिलोरा, रविकांत जायसवाल बुड़गहन, खिलेंद्र वर्मा खपराडीह तथा इंद्रदेव वर्मा बुड़गहन सहित अन्य किसान व जनप्रतिनिधि शामिल रहे। सभी ने एक स्वर में कहा कि यह लड़ाई केवल जमीन की नहीं बल्कि गांवों के अस्तित्व और भविष्य की है।

किसानों का कहना है कि 15 अक्टूबर को तहसील कार्यालय सुहेला में एकदिवसीय धरना प्रदर्शन कर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया था। उस दौरान सात किलोमीटर पैदल चलकर ग्रामीणों ने अपनी मांगें रखीं और उच्च अधिकारियों तक बात पहुंचाने का आश्वासन भी मिला, लेकिन आज तक न तो सर्वे रिपोर्ट की जानकारी दी गई और न ही किसी निर्णय से प्रभावितों को अवगत कराया गया, जिससे किसानों में भारी नाराजगी है। प्रस्तावित रेलवे कॉरिडोर धोधा (पूर्व केबिन) से खपराडीह तक धोधा, खिलौरा, केसली, नयापारा, भटभेरा, बुड़गहन, बासीन, झीपन, रवेली, खपराडीह, धोबनीडीह, मुड़पार सहित अन्य गांवों को प्रभावित करेगा। किसानों का आरोप है कि सर्वे त्रुटिपूर्ण है और ट्रैक गांवों की मुख्य बस्तियों, आंगनबाड़ी, पशु चिकित्सालय, खेल मैदान, तालाब और स्कूल के पास से गुजर रहा है, जिससे गांव तीन-तीन हिस्सों में बंट जाएंगे और जनजीवन बुरी तरह प्रभावित होगा। इसी के विरोध में सैकड़ों किसानों ने ग्राम नवापारा से तहसील कार्यालय तक सात किलोमीटर लंबा पैदल मार्च किया। हाथों में बैनर-तख्तियां लेकर किसानों ने साफ संदेश दिया कि बिना सहमति और सम्पूर्ण मुआवजे के एक इंच जमीन नहीं दी जाएगी। किसानों ने यह भी कहा कि केवल ट्रैक के नीचे की जमीन खरीदना उचित नहीं है, क्योंकि ट्रैक के दोनों ओर की भूमि खेती योग्य नहीं बचेगी और सिंचाई व पहुंच मार्ग बाधित होंगे।



### किसानों ने चार प्रमुख मांगें रखीं

रेलवे सर्वे दोबारा कराया जाए, अल्ट्राटेक ट्रैक के समानांतर ही नई लाइन निकाली जाए, परियोजना प्रबंधन सीधे किसानों से संवाद करे तथा आंशिक नहीं बल्कि पूर्ण प्रभावित क्षेत्र की समस्त भूमि खरीदी जाए। धरना स्थल से एसडीएम को आठ सूत्रीय ज्ञापन सौंपते हुए किसानों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया तो वे परिवार सहित सड़क पर बैठकर अनिश्चितकालीन आंदोलन करेंगे।

# हिंसा और धर्मांतरण के विरोध में कसडोल रहा स्वस्फूर्त बंद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

राज्य के कांकेर जिले के आमाबेड़ा में हिंसा और धर्मांतरण के विरोध में छत्तीसगढ़ सर्व समाज राज्यव्यापी महाबंद का आज आह्वान किया गया था। इसी तारतम्य में नागेश्वर साहू अध्यक्ष नगर पंचायत कसडोल एवं अध्यक्ष भाजपा मोर्चा युवा मंडल कसडोल के अगुवाई में नपा कसडोल कर्मा माता चौक, बलार चौक, कन्हैया लाल चौक, बजरंग चौक, कपड़ा मार्केट दुर्गा चौक, बाजार चौक ,गायत्री चौक, सतनाम चौक सहित अन्य सभी चौक चौराहों में नारेबाजी करते हुए व्यापारियों से सहजपूर्वक बंद करने की अपील की। सभी व्यापारियों ने भी सहज रूप से बातों को स्वीकार करते हुए इस महाबंद का शत प्रतिशत समर्थन किया। नगर पंचायत सभी दुकानदारों ने सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक पूरा मार्केट दुकान बंद रहा ।

■ चौक- चौराहों में की गई जमकर नारेबाजी

**इनका रहा सहयोग-** इस दौरान गुनीराम साहू अध्यक्ष नगर साहू संघ एवं कोषाध्यक्ष भाजपा मंडल कसडोल, रामा धीवर पार्षद, गोपाल साहू कार्यालय प्रभारी भाजपा मंडल, युवा मोर्चा मंडल से क्रमशः भजन यादव, सूर्या साहू, राजा मानिकपुरी, लाला सोनी, राकेश यादव, गीतेश सोनी, सुशील साहू, भीखम जायसवाल, लोमश पाठक, पवन साहू सहित अन्य सभी लोगों ने महाबंद में सहयोग प्रदान किया ।

# रामकथा और सामाजिक भवनों के उन्नयन के लिए मंत्री ने दी सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



भाजपा बलौदाबाजार ग्रामीण मंडल अंतर्गत क्षेत्र के धार्मिक व सामाजिक कार्यों को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की रामायण कथा के दौरान श्रद्धालुओं के लिए भंडारे आदि आयोजनों हेतु उपयोग में आने वाले भवन के उन्नयन के लिए अर्जुनी ग्राम पंचायत में 7 लाख की राशि स्वीकृत की गई है।

■ अर्जुनी में 7 लाख व लटूवा के लिए मिली 10 लाख की स्वीकृति

इसी क्रम में लटूवा ग्राम पंचायत में धोबी समाज के भवन निर्माण, उन्नयन के लिए 10 लाख की राशि स्वीकृत की गई है। इन विकासात्मक स्वीकृतियों पर मंत्री टंकराम वर्मा के प्रति ग्रामीण मंडल के समस्त पदाधिकारियों, वरिष्ठ कार्यकर्ताओं तथा ग्रामवासियों ने आभार व्यक्त किया है। ग्रामीण मंडल अध्यक्ष रविशंकर वर्मा ने बताया कि इन स्वीकृतियों से न केवल धार्मिक आयोजनों को सुव्यवस्थित रूप से संपन्न करने में सुविधा मिलेगी, ब ि ल्क सामाजिक भवनों के उन्नयन से सामाजिक एकता और सांस्कृतिक गतिविधियों को भी मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि मंत्री टंकराम वर्मा सदैव क्षेत्र के सर्वांगीण विकास और जनहित के कार्यों के लिए प्रतिबद्ध रहे हैं।

# कसडोल विधायक से केंवट समाज के पदाधिकारियों ने की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन

कसडोल विधायक संदीप साहू से बुधवार 24 दिसम्बर को उनके निवास में जाकर केंवट निषाद समाज चंगोरी परिक्षेत्र तहसील लवन के नवमनोनित महिला एवं पुरूष पदाधिकारियों ने पुष्प गुच्छ भेंट कर मुलाकात की। इस अवसर पर विधायक श्री साहू ने सभी नव मनोनित पदाधिकारियों का सरलता से स्वागत किया। सभी पदाधिकारियों को नई जिम्मेदारी मिलने पर शुभकामनाएं देते हुए समाज को बेहतर बनाने में कार्य करने की सकारात्मक संदेश दिया। इस अवसर पर नव मनोनित अध्यक्ष गोलू कैवर्त्य, सचिव चंद्रप्रकाश कैवर्त्य, कोषाध्यक्ष बिसाहू राम कैवर्त्य ,प्रवक्ता लीला राम कैवर्त्य, महिला संगठन सलाहकार इंदिरा कैवर्त्य, संगठन मंत्री ईश्वरी कैवर्त्य सहित प्रमुख लोगों की उपस्थिति रहा। समाज के पदाधिकारियों ने भेंट मुलाकात कर शपथ ग्रहण, सम्मान समारोह कार्यक्रम में आने के लिए भी न्योता दिये, जिसे विधायक ने सरलता से स्वीकार कर समर्थन दिया।

# विलंबित निर्माण कार्यों को आगामी 31 मार्च तक पूर्ण कराएं: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार





कलेक्टर दीपक सोनी ने बुधवार को समग्र शिक्षा अंतर्गत वर्ष 2015-16 से वर्ष 2024-25 तक स्वीकृत निर्माण कार्यों यथा पीएम श्री शालाओं में स्वीकृत निर्माण कार्यों, समग्र शिक्षा प्रारंभिक एवं माध्यमिक, बिग्स तथा स्कूल शिक्षा विभाग के स्वीकृत विभिन्न निर्माण कार्यों के क्रियान्वयन एजेंसियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने लंबित निर्माण कार्यों को आगामी 31 मार्च तक पूर्ण कराने का निर्देश दिया। जिन पंचायतों द्वारा कार्य में रूचि नहीं ली जा रही है उन्हें नये कार्य स्वीकृत नहीं करने के निर्देश दिये।

■ समग्र शिक्षा अंतर्गत निर्माण कार्यों की समीक्षा

कलेक्टर ने वर्तमान में पूर्ण हो चुके निर्माण कार्यों के पूर्णता प्रमाणपत्र मयवांछित दस्तावेज एक माह के भीतर ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संबंधित नगर पालिका अधिकारी एवं नगर पंचायत द्वारा कराये जा अपूर्ण निर्माण कार्यों को एक माह के भीतर पूर्ण कराते हुये पूर्णता प्रमाण पत्र एवं आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराने निर्देशित किया। इसके साथ ही पूर्व में पूर्ण हो चुके निर्माण कार्यों के पूर्णता प्रमाण पत्र मयवांछित दस्तावेज समस्त क्रियान्वयन एजेंसियों लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, क्रेडा, जनपद पंचायत, नगर पालिका अधिकारी एवं नगर पंचायत को जनवरी 2026 तक उपलब्ध कराने निर्देश दिए।

### बैठक में ये रहे उपस्थित

*बैठक में जिला मिशन समन्वयक नरेन्द्र वर्मा, डीईओ कार्यालय से के.के गुप्ता, एपीसी समग्र शिक्षा खिलावन वर्मा, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, क्रेडा, जिले के सभी सीईओ जनपद पंचायत, बीआरसी समग्र शिक्षा उपस्थित रहे।*

## ब्लाक स्तर पर सुन्द्रावन में लगा शिविर

# आयुष चिकित्सा शिविर में 762 ग्रामीणों का उपचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| संडीबंगला



पलारी विकासखंड के ग्राम सुन्द्रावन में द्वितीय विकास खंड स्तरीय एक दिवसीय आयुष स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य ग्रामीण अंचल के लोगों को आयुष पद्धतियों के माध्यम से निःशुल्क, सुलभ एवं प्रभावी स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना रहा। शिविर का शुभारंभ जिला पंचायत सदस्य रवि बंजारे, जनपद सदस्य कृष्णा आज़ाद, सरपंच चांदनी जायसवाल, पूर्व सरपंच रूपेंद्र चतुर्वेदी एवं नीलकमल आज़ाद द्वारा भगवान धनवंतरी की विधिवत पूजा-अर्चना कर किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, मितानिन एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। आयोजित शिविर में कुल 762 मरीजों का निःशुल्क पंजीयन कर उपचार किया गया तथा आवश्यक दवाओं का निःशुल्क वितरण किया गया। वहीं 71 लोगों ने होम्योपैथी चिकित्सा का लाभ उठाया। शिविर में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से आयुष काढ़ा का वितरण भी किया गया। इसके साथ ही बीपी, शुगर एवं हीमोग्लोबिन की जांच कर लोगों को उनके स्वास्थ्य की स्थिति से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य रवि बंजारे ने कहा कि वर्तमान समय में लोगों का झुकाव तेजी से आयुर्वेद एवं आयुष चिकित्सा पद्धतियों की ओर बढ़ रहा है। इसी को ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं, ताकि प्रत्येक नागरिक को स्वस्थ एवं निरोगी रखा जा सके। आयुष चिकित्सा पद्धति प्राकृतिक, सुरक्षित एवं दीर्घकालिक लाभ देने वाली है। शिविर प्रभारी डॉ. तारिका ठाकुर ने बताया कि शिविर में वात रोग, आमवात, उदर रोग, ज्वर, कास-प्रतिश्याय, श्वास रोग, अर्श, भगंदर, उच्च रक्तचाप, मधुमेह, स्त्री रोग, पाण्डु रोग सहित नेत्र एवं कर्ण संबंधी रोगों का मौके पर ही उपचार किया गया। साथ ही मरीजों को परहेज, जीवनशैली में सुधार एवं नियमित दिनचर्या अपनाने की समझाइश दी गई। उन्होंने बताया कि ऋतु के अनुसार खान-पान, आहार-विहार एवं दिनचर्या की जानकारी ग्रामीणों को दी गई। जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से शरद ऋतुचर्या से संबंधित पाम्पलेट का वितरण भी किया गया, जिससे लोग मौसम के अनुसार स्वयं की देखभाल कर सकें। शिविर में अनुभवी एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों में डॉ. योगेंद्र कुमार, डॉ. मेघा बंजारे, डॉ. आंचल गनवीर, डॉ. विवेक वर्मा एवं डॉ. नेकदत्त बरतामसी ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। वहीं फार्मासिस्ट के रूप में सीताराम साण्डे, द्वारिका पैकरा एवं विनोद कुर्रे ने सहयोग किया। औषधालय सेवक के रूप में तिलक राम खूंटे, राजकुमार आज़ाद एवं योगेंद्र कुमार गेंडरे ने भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम के अंत में शिविर प्रभारी डॉ. तारिका ठाकुर ने मंच संचालन करते हुए सभी जनप्रतिनिधियों, मितानिनों, स्वास्थ्य अमले एवं ग्रामीणजनों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

# बांग्लादेशी प्रधानमंत्री का फूंका पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छत्तीसगढ़ शिवसेना के कार्यकर्ताओं द्वारा कालीबाड़ी चौक पर मंगलवार को बांग्लादेश के प्रधानमंत्री मो. युनूस का पुतला दहन कर प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर शिवसेना के प्रदेश महासचिव संजय नाग ने बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हिंसात्मक हमलों व नरसंहार की कड़ी निंदा करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से हिंदुओं की सुरक्षा के लिए कड़े कदम उठाने की मांग की है। आगे उन्होंने कहा कि बांग्लादेश के कट्टरपंथियों ने क्रूरता की सारी हदें पार कर दी हैं। बांग्लादेश के घुसपैठिए नाकाबिले बर्दाश्त हैं। अगस्त 2024 में शेख हसीना का शासनकाल समाप्त होने के बाद से हिंदुओं पर अत्याचार एवं हिंसक हमले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। इसी कड़ी में हाल ही में बांग्लादेश में कट्टरपंथियों द्वारा हिंदू युवक दीपू दास को बेरहमी से मारकर पेड़ पर लटकाकर निर्वस्त्र कर जलाने की घटना सामने आई है। पुतला दहन करने वालों में संजय नाग, संतोष शुक्ला, कृष्णा यादव, सूरज साहू, हिमांशु शर्मा, कमलाकर यादव, सुरेश तिवारी, विजय नाग, सांई प्रजापति, संजू साहू, अमर नायक, विक्की निर्मलकर, आकिब खान, जिगर प्रजापति, सूरज गुप्ता, महेन्द्र यादव, राहुल राजपूत, संतन रात्रे, जतिन, रोहित, आशु सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष बनीं प्राची

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के प्राची चंद्राकर को राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी संगठन के महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश चंद्र द्विवेदी, छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष रोशन दुबे द्वारा छग प्रदेश महिला महामंत्री मोहिनी शर्मा की अनुशंसा के बाद नियुक्ति दी गई है। ग्राम पंचायत खरोरा के सरपंच वीणा कमलेश चंद्राकर, कृष्ण कुमार चंद्रकर प्रदेश प्रभारी, दुर्गेश्वर प्रसाद शर्मा प्रदेश महामंत्री, देवीचंद राठी, शरद मराठा, धर्मेंद्र ठाकुर आदि ने हर्ष जताया है।

### गणित के मूलभूत क्रियाओं को बताया

**अरंड (पिथौरा)।** मुख्यमंत्री गुणवत्ता अभियान के तहत संकुल केंद्र ठकुरदियाखुर्द के प्रभारी प्राचार्य अक्षय कुमार साहू द्वारा संकुल के विभिन्न प्राइमरी और मिडिल स्कूल में गणित को रुचिकर एवं सरल बनाने के लिए छात्रों को गणित विषय की महत्ता पर प्रकाश डाला गया। इसके लिए प्राचार्य ने छात्रों को बताया कि किस प्रकार रोजमर्रा हम गणित का प्रयोग करते है। बच्चों को धाराप्रवाह पहाड़ा याद करने के लिए प्रेरित किया गया। गणित की मूलभूत क्रियाओं जोड़ना, घटाना, गुणा और भाग को सरल तरीके से बच्चों को बताया।

### सावित्रीपुर टीम ने जीती ड्यूज गेंद क्रिकेट प्रतियोगिता

**सरायपाली।** ग्राम बरडीह में आयोजित 12 दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला सावित्रीपुर ने जीता। फाइनल मैच गौरटेक के साथ खेला गया। जिसमें सावित्रीपुर ने 77 रन से विशाल जीत दर्ज की। ड्यूज गेंद से खेले गये इस प्रतियोगिता में समापन समारोह के मुख्य अतिथि संगम सेवा समिति के संस्थापक प्रखर अग्रवाल थे। उन्होंने खिलाड़ियों को शारीरिक स्वास्थ्य के लिए खेल की आवश्यकता के बारे में बताया। विशिष्ट अतिथि के रुप में फुलझर क्रिकेट संघ के उपाध्यक्ष मनोज नंद, प्रसिद्ध मृदंग बाहक रोहित प्रधान, जनपद सदस्य उद्धव नंद, कृष्णा साहू, पीसीएस कोषाध्यक्ष गिरजा शंकर स्वर्णकार, सदस्य किरोटी स्वाईं, खेल प्रशिक्षक हेमंत बारिक, अंपायर रामकुमार, तुलाराम आदि मौजूद थे। प्रतियोगिता में 132 रन 8 विकेट लेने के लिए अमित मिर्धा को मैन ऑफ द टूर्नामेंट, फाइनल मैच के मैन आफ द मैच गौरीशंकर, सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज अमित मिर्धा, गेंदबाज हेमसागर भोई, कीपर लोकनाथ, फील्डर शंभू रहे।

### धान खरीदी केंद्रों पर किसानों की मेहनत पर डाकाः मानिक साहू

**महासमुंद।** भाजपा सरकार किसानों के साथ खुलेआम धोखा कर रही है। जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष मानिक साहू ने बसना ब्लॉक के विभिन्न धान खरीदी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। किसानों ने खुद शिकायत की कि किसान मिलर्स की खरीदी लिमिट बेहद कम रखी गई है, जिससे उनकी सालभर की मेहनत बर्बाद हो रही है। केंद्रों पर धान बेचने की दैनिक सीमा इतनी कम है कि ज्यादातर किसान टोकन तक नहीं पा रहे और मजबूरन कम दाम पर व्यापारियों को धान बेचने को विवश हैं। निरीक्षण के दौरान बसना, छांदनपुर और गड़फुलझर खरीदी केंद्रों पर किसानों ने खुलासा किया कि तौलाई में बड़े पैमाने पर धांधली हो रही है। प्रति बोरी 41 किलो 200 ग्राम तक अधिक तौलकर किसानों का धान लूटा जा रहा है। यह सीधी किसानों की जेब पर डाका है। भाजपा सरकार के इशारे पर चल रहे ये केंद्र किसानों की उपज को कम वजन दिखाकर लाखों रुपये का नुकसान पहुंचा रहे हैं। इस निरीक्षण में किसान कांग्रेस प्रदेश कोषाध्यक्ष राजेश मुकर्जी, प्रदेश सचिव देवेंद्र पटेल, विनोद चौहान, नवदीप चंद्राकर, पुष्पसागर, पिंकू चौहान, भागीरथी दास सहित कई किसान नेता और खरीदी केंद्रों में मौजूद किसान उपस्थित थे।

**प्रवचन :** नगर के दशहरा मैदान में श्रीराम कथा जारी

# भरत चरित्र के प्रसंगों पर भाव-विभोर हुए श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

दशहरा मैदान में इन दिनों श्रीराम कथा की अमृतमयी धारा प्रवाहित हो रही है। स्व. श्री सोनचंद वर्मा स्मृति फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित इस भव्य धार्मिक आयोजन देवी चंद्रकला ने हजारों श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया है। कथा स्थल पर प्रतिदिन श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ रहा है और पूरा वातावरण राममय हो उठा है। श्रीराम कथा के दौरान शासन-प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने व्यासपीठ का पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। उनके साथ जिले के कलेक्टर दीपक सोनी, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिव्या अग्रवाल तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह भी आयोजन में सम्मिलित हुए और कथा श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित किया।



### माता जानकी के भव्य मंदिर निर्माण के लिए भूमि दान का महासंकल्प

कथा के माध्यम से श्री सिया जू वात्सल्य सेवा संस्थान द्वारा अयोध्या धाम में माता जानकी के बाल स्वरूप के भव्य मंदिर निर्माण का महासंकल्प लिया गया है। दीदी देवी चंद्रकला ने बताया कि इस पावन कार्य के लिए 501 प्रति स्क्वायर फीट की दर से भूमि दान की व्यवस्था तय की गई है। न्यूनतम योगदान के माध्यम से भी श्रद्धालु माता जानकी के मंदिर निर्माण में सहभागी बन सकते हैं।

### भरत के त्याग ने किया भाव-विभोर

कथा के छठवें दिन दीदी ने भरत चरित्र का अत्यंत सूक्ष्म, भावपूर्ण और प्रेरक वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भरत का जीवन त्याग, मर्यादा और भ्रातृ-प्रेम की पराकाष्ठा का प्रतीक है। दीदी ने कहा कि जिस प्रकार अयोध्या में प्रभु श्रीराम भव्य मंदिर में विराजमान हैं, उसी प्रकार माता सीता के बाल स्वरूप के लिए भी दिव्य धाम का निर्माण समय की आवश्यकता है।



## संतोष का संबंध मन से, जो बड़ा धन है

**अर्जुनी।** ग्राम करमदा में आयोजित भागवत कथा के दूसरे दिन पं. नंदकुमार शर्मा ने हिरण्याक्ष वध की कथा में बताया कि भगवान नारायण ने वराह का अवतार लेकर हिरण्याक्ष दैत्य का वध किया और पृथ्वी को समुद्र के ऊपर लेकर आए कथा में बताया कि हिरण्याक्ष ही जीवन मे लोभ का प्रतीक है और वाराह भगवान संतोष का प्रतीक है। जब तक जीवन में संतोष नहीं आएगा, तब तक उनके अंदर का लोभ नहीं मरेगा। आचार्य ने कहा व्यक्ति के जीवन में संतोष का बड़ा महत्व है। संतोषी व्यक्ति सुखी रहता। इंसान को धन दौलत से कभी संतोष नहीं मिलता, व्यक्ति जितना अधिक धन पाता जाता है, उतना ही असंतोष उपजता जाता है। मानसिक तनाव उत्पन्न करता है जो अनेक रोगों की जड़ है। धन व्यक्ति को उलझनों



में फसता जाता है। उन्होंने कहा साधु संत, संतोषी प्रवृत्ति के होते हैं, क्योंकि भोजन मात्र की प्राप्ति से ही उसे संतोष मिल जाता है। हमें भी साधु जैसा होना चाहिए हमें अपनी इच्छाओं को सीमित रखना चाहिए। हमारा मन सदा असंतुष्ट रहता है। सांसारिक वस्तुएं हमें कभी शांति नहीं दे सकती। संतोष का संबंध मन से है। यह सब से बड़ा धन है। ध्रुव चरित्र में उन्होंने बताया कि राजा उत्तानपाद की दो पत्नियां सुरुचि और सुनीति हुई। सुनीति का पुत्र ध्रुव कुमार और सुरुचि के पुत्र उत्तम कुमार हुआ। ध्रुव चरित्र का वर्णन करते हुए बताया गया कि जीवन में सफलता और ईश्वर प्राप्ति के लिए आयु नहीं, बल्कि दृढ़ निश्चय और अटूट संकल्प आवश्यक है। बालक ध्रुव ने विमाता के व्यंग्य वचनों को साधना की शक्ति बनाकर प्रभु की कृपा प्राप्त की। अगर ध्रुव पांच साल की उम्र में भगवान को पा सकता है, तो फिर हम कैसे पिछड़ सकते हैं। अगर सच्चे मन से भगवान की भक्ति की जाए, तो भगवान खुद अपने भक्तों से मिलने पहुंच जाते है। उन्होंने बताया कि आगे चलकर ध्रुव जी 36 हजार वर्षों तक राज्य किया और मरणोपरांत भगवान ने उन्हें ध्रुव लोक का स्वामी बना दिया कथा के दौरान कहा कि भक्त एवं ईश्वर के बीच एक विश्वास की डोर होती है। इस डोर को मजबूत बनाए रहना बेहद जरूरी है, यदि ऐसा नहीं हुआ तो ईश्वर में हमारी श्रद्धा कम होती चली जाती है। स्वामी राजेश्वरानंद ने बताया कि भगवान में आस्था रखने वाले कई तरह के लोग मिलते हैं, जो लोग धार्मिक प्रवृत्ति के होते हैं, वे कुछ भला होने पर भगवान को याद करते हैं और बुरा होने पर भी याद करते हैं।

## भागवत कथा मनुष्यों को सिखाती है जीने की कला

**पलारी।** ग्राम कोसमंदा में मनसाना परिवार द्वारा आयोजित भागवत कथा में प. पवन कुमार द्विवेदी ने गोकर्ण पाकख्यान, माहात्म्य, परीक्षित जन्म, सुकागमन वराह अवतार, कर्दम चरित्र, सती चरित्र, जड़ भरत चरित्र, देवासुर संगम, प्रहलाद चरित्र कथा का वर्णन करते हुए श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। प. द्विवेदी कहते हैं कि भगवान से यदि कोई मिला सकता है तो सिर्फ सद्गुरु है, इसलिए चिंता को मिटाओ और चिंतन को बढ़ाओ, चिंता मनुष्य को चिता तक ले जाती है और चिंतन हरि से मिलन कराती है, भागवतं रामायण गीता हमें जीने की कला सिखाती है, इसलिए कथा जहां भी हो सुनना चाहिए प्रसाद जहां भी प्राप्त हो ग्रहण करना चाहिए। भागवत कथा ही एकमात्र ऐसी कथा है जिसके आरंभ में किसी देवता की स्तुति नहीं हुई है, बल्कि सत्य की स्तुति हुई है, इसलिए कहा गया है कि सत्य से बढ़कर कोई धर्म नहीं होता और असत्य से बड़ा कोई अधर्म नहीं होता, इसलिए सत्य को अपनाए मानव का परम धर्म है। ईश्वर से प्रीति करें जब-जब धर्म की हानि होती है तब-तब भगवान अवतार लेकर आते हैं।

## गुरु घासीदास ने सभी समाज को एक रास्ते पर चलने की दी सीख



हरिभूमि न्यूज ▸▸| गोपालपुर

समीपस्थ ग्राम हरदी में तीन दिवसीय गुरु घासीदास जयंती समारोह के अंतिम दिन श्याम टण्डन प्रदेशाध्यक्ष बसपा पहुंचे। ग्रामीणों ने उनका जोरदार स्वागत किया। जैतखाम में पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों की खुशाहाली की कामना की गई। श्री टण्डन ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि संत शिरोमणि गुरु घासीदास ने हमें सत्य में चलने का रास्ता बताया है। सभी समाज को एक रास्ते पर चलने की सीख दी। डाक्टर टेकलाल साहू पूर्व जनपद अध्यक्ष, दया राम खुराना पूर्व जिला पंचायत सभापति, संतोष देवांगन प्रदेश सचिव बसपा छत्तीसगढ़ ने भी सभा को संबोधित किया और गुरु घासीदास की महिमा के संबंध में प्रकाश डाला। कार्यक्रम में गनपत बंजारे, प्रहलाद साहू, जिलाध्यक्ष बसपा जिला बलौदाबाजार भाटापारा, रामेश्वर खटकर पूर्व जनपद अध्यक्ष, जीवन साहू, सेवक साहू, नारायण प्रसाद साहू, क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों एवं समाज उपस्थित रहा।

## वार्षिक उत्सव में छात्रों ने दी रंगारंग प्रस्तुति

**भटगांव।** नगर के बंगला भाटा मैदान में करियर प्वाइंट नेशनल स्कूल के बच्चों ने अनेक संस्कृति और देश भक्ति संगीत और ड्रामा से सबको मनमोहित कर दिया। कार्यक्रम का प्रारंभ स्वागत गीत से मुख्य अतिथियों का स्वागत किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि भटगांव नगर पंचायत अध्यक्ष विक्रम कुर्रे प्रवेश दुबे, प्रदीप देवांगन, प्रीतम भारद्वाज, जेआर डहरिया, विजय साहू तथा नगर पंचायत के सभी पार्षदगण शामिल थे।

स्कूल संचालक नरेश चौहान, निर्देशक प्रियंका चौहान ने मुख्य अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इसके बाद प्राइमरी से लेकर हायर सेकडरी के विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में शिरकत की, जिसमें देश के अनेक संस्कृति और परंपरा, तमिल, पंजाबी, गुजराती, मराठी, छत्तीसगढ़ी, आदि शामिल थे, साथ ही देशभक्ति, संगीत और नाटक के साथ प्रस्तुति दी। कक्षा 6वीं से श्री गणेशा गीत के साथ प्रारंभ हुआ, नर्सरी से फैमिली



थीम्स, केजी 2 से शिक्षा का अधिकार थीम्स, कक्षा 2 से छोटे-छोटे सपने, कक्षा 3, 4 से नारी शक्ति, कक्षा 4 से मोबाइल बुरी बला है, कक्षा 5वीं से एकलव्य और द्रोणाचार्य, कक्षा 6वीं से झांसी की रानी, कक्षा 7वीं से मराठी गीत, कक्षा 8वीं से छत्तीसगढ़ी गीत कक्षा 9वीं से भूतिया थीम्स, कक्षा 10वीं से कृष्ण भक्ति, कक्षा 12वीं से फनी डांस, प्रस्तुत किया। यह कार्यक्रम दोपहर 3 बजे से प्रारंभ होकर रात 9 तक चला जिसमें बच्चों के पालकगण व नगरवासी इस गुलाबी ठंड में भी कार्यक्रम का आनंद लेते रहे । प्राचार्य राजकिशोर जांगड़े के नेतृत्व में कोरियोग्राफ व समस्त स्टाफ के साथ बच्चों ने मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

## किसान दिवस पर पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने कृषकों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| खरोरा

देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती किसान दिवस के अवसर पर खरोरा क्षेत्र में विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस मौके पर पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर के अध्यक्ष उधोराम वर्मा ने धान खरीदी केंद्रों का दौरा कर किसानों का सम्मान किया और उनकी समस्याओं को लेकर प्रदेश सरकार पर जमकर निशाना साधा।

उधोराम वर्मा ने कठिया और कुम्हारी धान खरीदी केंद्रों में पहुंचकर किसान भाइयों को किसान गमछा और श्रीफल भेंट किया। उन्होंने किसानों को गुलाल लगाकर किसान दिवस की बधाई दी। इस दौरान उन्होंने कहा कि किसान दुनिया का अन्नदाता है, जिसके बिना संसार भूखा मर जाएगा। उन्होंने इस बात पर गहरा दुख व्यक्त किया कि हर वर्ग अपने उत्पाद की कीमत तय करता है, लेकिन किसान आज भी अपनी उपज के भाव के लिए सरकार के रहमो-करम पर निर्भर है।

**प्रदेश सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप-** किसानों की वर्तमान स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए उधोराम वर्मा ने सरकार को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा किसानों को खाद के लिए समितियों में भटकना पड़ा और मजबूरी में निजी दुकानों से ऊंचे दामों पर खाद खरीदनी पड़ी। 3100 और 21 क्विंटल धान खरीदी का वादा करने वाली सरकार अब एग्री स्टेक पोर्टल, टोकन की समस्या और अनावरी रिपोर्ट के नाम पर किसानों को





परेशान कर रही है। छत्तीसगढ़ में आज किसान संकट के दौर से गुजर रहा है और उसे अपनी ही फसल बेचने के लिए कड़े संघर्षों का सामना करना पड़ रहा है।

**आंदोलन के लिए हुंकार-**पूर्व जिला अध्यक्ष ने किसान एकता पर जोर देते हुए कहा कि इन सभी समस्याओं के समाधान के लिए किसानों को एकजुट होकर आंदोलन का रास्ता अपनाना होगा। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि वे अपने अधिकारों की रक्षा के लिए आगे आएं। इस अवसर पर घनश्याम वर्मा, धनेश वर्मा, शशांक चंद्राकर, शिव वर्मा, श्याम रतन टंडन, अमित उईके, दीपक ठिकरिया सहित भारी संख्या में प्रगतिशील किसान और क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## गुरु घासीदास जयंती पर निकाली शोभायात्रा

**घोटिया।** गुरु घासीदास बाबा की जयंती पर ग्राम वटगन में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। यह आयोजन सतनामी समाज द्वारा किया गया, जिसमें सैकड़ों की संख्या में समाज के लोग शामिल हुए। दोपहर 3 बजे शोभायात्रा की शुरुआत सरपंच बाबूलाल बंजारे के निवास से हुई, जो पूरे गांव में भ्रमण करते हुए आगे बढ़ी। शोभायात्रा के दौरान पूरा वटगन गांव बाबा के पावन संदेश सत्य ही मानव का आभूषण है से सतनाममय हो गया। यात्रा के दौरान डीजे



की धुन पर पंथी दलों द्वारा पारंपरिक नृत्य एवं कला की मनमोहक प्रस्तुतियां दी, जिसने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। शोभायात्रा में सरपंच बाबूलाल बंजारे ने अपने परिवार एवं गांव के सामाजिक लोगों के साथ मिलकर बाबा गुरु घासीदास जी की आरती की। इस धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन में समस्त ग्रामवासी वटगन, श्रद्धालुजन एवं समाज के गणमान्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

### मलय साहू बने अभाविप के जिला संयोजक



**सेल।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रांत अधिवेशन भिलाई में हुआ। अधिवेशन में प्रदेशभर से 500 से अधिक प्रतिनिधि शामिल हुए, जिसमें पूरे प्रदेश की सत्र 2025-26 की नवीन कार्यकारी का गठन किया गया, जिसमें बलौदाबाजार जिले के पूर्व जिला संयोजक फाल्गुनी सोनी को विभाग छात्रा प्रमुख की जिम्मेदारी मिली। साथ ही कसडोल के मलय साहू, नवीन जिला संयोजक बलौदाबाजार नियुक्त किया गया। बातचीत में नवीन जिला संयोजक मलय साहू ने बताया कि विद्यार्थी परिषद का प्रदेश अधिवेशन हर वर्ष होता है, जिसमें पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश की नवीन कार्यकारी घोषणा होती है। इस बार बलौदाबाजार जिले के संयोजक का दायित्व संगठन ने मुझे दिया है। निश्चित रूप से मैं संगठन की अपेक्षाओं पर खरा उतरूंगा। विद्यार्थी परिषद के ज्ञान शील एकता के ध्येय वाक्य को लेकर राष्ट्रीय पुनर्निर्माण के लक्ष्य को लेकर युवाओं का चरित्र निर्माण व्यक्तित्व विकास, शैक्षणिक क्षेत्र में आवश्यक परिवर्तन हेतु कार्य करेंगे।

## बछेरा में क्रिकेट प्रतियोगिता का जनपद सदस्य ने किया शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▸▸| सिमगा

ग्राम बछेरा में क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित प्रतियोगिता का आज भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद सदस्य सुरेश साहू ने फीता काट कर शुभारंभ किया।

इस अवसर पर सुरेश साहू ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि गांव-गांव में हो रहे ऐसे खेल आयोजनों से युवाओं में खेलभावना विकसित होती है और उनकी प्रतिभा को मंच मिलता है। उन्होंने कहा कि क्रिकेट आज युवाओं का प्रिय खेल बन चुका है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी इसका क्रेज लगातार बढ़ रहा है। टूर्नामेंट का पहला मुकाबला हथबंद और सिमगा की टीमों के बीच खेला गया। जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। उक्त अवसर पर जनपद सदस्य एवं सभापति चंद्रप्रकाश टोंडे, ओंकार साहू, उपसरपंच प्रमोद यदु, सुधीर साहू, उत्तम यदु, अजय निषाद सहित अन्य गणमान्य नागरिक एवं खेल प्रेमी मौजूद रहे। आयोजन समिति द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया गया।

**भाटापारा में निर्यात कार्यशाला आयोजित**

## प्रदेश के कृषि उत्पादों की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिलेगी पहचान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार।

जिले में कृषि एवं कृषि से संबंधित उत्पादों के निर्यात अवसरों को दृष्टिगत कृषि विज्ञान केंद्र भाटापारा में कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण, एपीडा रायपुर तथा कृषि एवं संवर्गीय विभाग बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के संयुक्त तत्वावधान में अनाज, फल, सब्जी, वनोपज एवं अन्य उत्पादों के निर्यात पर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में कृषि उपज एवं कृषि से संबंधित उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंचाने हेतु पंजीकरण प्रक्रिया एवं आवश्यक मापदंडों को पूर्ण करने की विस्तृत जानकारी एपीडा रायपुर के द्वारा दी गई।

कार्यशाला में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में किन-किन उत्पादों का वर्तमान में किन-किन देशों में निर्यात किया जा रहा है तथा अंतर्राष्ट्रीय बाजार में भारत के किन वस्तुओं का अधिक मांग है तथा उन तक इन उत्पादों



को बेहतर तरीके से किस प्रकार पहुंचाया जा सकता है इन सबके बारे में आवश्यक जानकारी दी गई। कार्यशाला में प्रगतिशील बड़े किसानों के साथ -साथ कृषक उत्पादन संगठनों एफपीओ तथा स्वयं सहायता समूह एसएचजी को आगे आकर कार्य करने हेतु प्रेरित किया गया।

एपीडा के अधिकारियों द्वारा जानकारी दी गई कि वर्तमान में भारत सरकार द्वारा एपीडा का कार्यालय नया रायपुर में स्थापित किया गया है, जहां छत्तीसगढ़ के उत्पादों को निर्यात के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय बाजार में पहुंचाने हेतु अधिक से अधिक प्रचार प्रसार किया जा रहा है। कार्यशाला में एपीडा रायपुर से अशोक कुमार, उपसंचालक कृषि दीपक कुमार नायक, सहायक संचालक मत्स्य व्ही.के. वर्मा, कृषि विज्ञान केंद्र भाटापारा के वैज्ञानिक सविता राजपूत, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी धनेश्वर साय, अवधेश उपाध्याय, अन्य अधिकारी, कृषक उत्पादन संगठनों एफपीओ के प्रतिनिधि, राइस मिलर, तथा कृषि, मत्स्य, पशुपालन के कृषक भी उपस्थित रहे।

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
20 दिसम्बर 2025
SHOW TIME
धुरंधर
शो समय - 12:00, 3:00, 6:00, 9:00 PM
दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी
शो समय - 12:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

# ईसीसीई मेले में छात्रों ने लगाए रचनात्मकता स्टाल

**महिला बाल विकास द्वारा 101 ईसीसीई मेलों का सफल आयोजन, हजारों बच्चों, पालकों एवं जनप्रतिनिधियों की रही उत्साहपूर्ण सहभागिता**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गढ़बो बचपन परियोजना एवं एडुवीव फाउंडेशन के सहयोग से तिल्दा परियोजना क्षेत्र के अंतर्गत सभी 11 सेक्टरों में पंचायत स्तर पर 2 से 3 आंगनवाड़ी केंद्रों को मिलाकर कुल 101 ईसीसीई मेलों का आयोजन किया गया। मेलों के माध्यम से बच्चों के पिछले एक वर्ष में किए गए शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक कार्यों का प्रदर्शन किया गया। बच्चों के समग्र विकास को केंद्र में रखते हुए भाषा, गणित, रचनात्मकता, शारीरिक विकास, सामाजिक एवं संज्ञानात्मक क्षमता जैसे विभिन्न आयामों पर आधारित आकर्षक स्टॉल लगाए गए, जो पालकों एवं जनप्रतिनिधियों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। इन आयोजनों में लगभग 10 हजार बच्चों एवं उनके पालकों की सक्रिय सहभागिता रही। साथ ही सभी संबंधित पंचायतों के सरपंचों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भी गरिमामय बनाया। इस अवसर पर बच्चों एवं पालकों द्वारा भाषा विकास, शारीरिक गतिविधियां, गणितीय खेल एवं रचनात्मक प्रस्तुतियां आयोजित की गईं। जिन्हें उपस्थित जनसमूह द्वारा उत्साहपूर्वक सराहा गया। पालकों एवं सरपंचों ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि ईसीसीई मेले महिला एवं बाल विकास विभाग एवं 'गढ़बो बचपन'



परियोजना की एक सराहनीय पहल है, जिससे आंगनबाड़ी केंद्रों में शिक्षा की गुणवत्ता में सकारात्मक बदलाव स्पष्ट रूप से देखने को मिल रहा है। इस प्रकार के आयोजन बच्चों के सीखने की प्रक्रिया को रोचक एवं प्रभावी बनाते हैं यह कार्यक्रम जिला कार्यक्रम अधिकारी शैल ठाकुर, महिला एवं बाल विकास अधिकारी यशपाल तथा परियोजना अधिकारी रंजना ठाकुर के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। आयोजन को सफल बनाने में पर्यवेक्षक कमलेश लकड़ा, मियांका तिवारी, स्मिता परघनिहा, अपराजिता सिंह, पार्वती वर्मा, छोटे लाल नोर्गे, नीतू जायसवाल, गंगोत्री वर्मा एवं 'गढ़बो बचपन' परियोजना से अनुज गुप्ता का विशेष योगदान रहा।

## खबर संक्षेप

### पैरा जूडो चैंपियनशिप में जीते पदक

**धमतरी।** राजस्थान में आयोजित 14वीं राष्ट्रीय पैरा जूडो चैंपियनशिप 2025 में जिले के दिव्यांग आवासीय विद्यालय एक्जेक्ट फाउंडेशन रूद्री के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश व संस्था का नाम गौरवान्वित किया है। सेवती ने 52 किलोग्राम वर्ग में शानदार प्रदर्शन कर कांस्य पदक प्राप्त किया। महेश्वर ने 50 किलोग्राम वर्ग में रजत पदक अपने नाम किया। दोनों खिलाड़ियों ने यह उपलब्धि पैरा जूडो स्पर्धा में हासिल की। कोच देवश्री जोशी थे।

### सहकारी क्षेत्र ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़

**अंवरी।** रायपुर में आयोजित जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के नवनिर्वाचित अध्यक्ष निरंजन सिन्हा के शपथ ग्रहण एवं पदभार ग्रहण समारोह में नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति जैन ने सहभागिता निभाई। इस अवसर पर उन्होंने नवनिर्वाचित अध्यक्ष निरंजन सिन्हा एवं उपाध्यक्ष बॉबी कश्यप का आत्मीय स्वागत करते हुए उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि सहकारी क्षेत्र ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और निरंजन सिन्हा के नेतृत्व में बैंक और अधिक सशक्त होकर किसानों, आमजनों एवं स्व-सहायता समूहों को लाभ पहुंचाएगा। उन्होंने विश्वास जताया कि उनके अनुभव व कुशल नेतृत्व से सहकारी आंदोलन को नई दिशा मिलेगी।

### अजेश बने वाहन चालक संघ के अध्यक्ष

**धमतरी।** शासकीय एवं अर्धशासकीय वाहन चालक संघ को मजबूती देने के लिए मंगलवार को जिलाध्यक्ष का चयन किया गया। इसके लिए संघ के सदस्यों की एक बैठक हुई, जिसमें अजेश नागवंशी को सर्वसम्मति से जिलाध्यक्ष चुना गया। शासकीय, अर्धशासकीय वाहन चालक संघ के प्रांताध्यक्ष ताराचंद साहू की उपस्थिति में कलेक्टोरेट के कंपोजिट बिल्डिंग गार्डन में मंगलवार को जिलाध्यक्ष का चुनाव किया गया। सर्वसम्मति से अजेश नागवंशी को अध्यक्ष चुना गया। बैठक में वाहिद खान, गोपाल यदु, राजेश कुर्रे, गौकरण साहू, कमलेश शोरी, भूपेंद साहू, श्यामलाल साहू, मोहन, राजेंद्र मरकाम, कमलेश साहू, मनोज सिन्हा उपस्थित थे।

## निधन

### नरेंद्र गुप्ता

**बलौदाबाजार।** नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी नरेंद्र गुप्ता उर्फ मन्नू का निधन हो गया। उनके निधन से परिजनों, शुभचिंतकों एवं



नगरवासियों में शोक की लहर है। स्व. नरेंद्र गुप्ता मिलनसार स्वभाव और सामाजिक एवं पारिवारिक दायित्वों के प्रति सदैव सजग रहते थे। उनके आकस्मिक निधन से परिवार को अपूरणीय क्षति पहुंची है। उनका अंतिम संस्कार बुधवार 24 दिसंबर को बलौदाबाजार स्थित मुक्तिधाम में संपन्न हुआ। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में परिजन, मित्रगण एवं गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

### ललित कुमार वर्मा

**मुंडा।** ग्राम कोलिहा निवासी ललित कुमार वर्मा 58 वर्ष का



निधन हो गया। वे रामधन वर्मा के बड़े सुपुत्र व सूरित वर्मा, अमित वर्मा के बड़े भैया तथा रामचंद, सूखचंद, देवचंद वर्मा के पिताजी थे। अंतिम संस्कार गांव के बड़े तालाब में किया गया, जहां ग्रामवासी व समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए।

**आयोजन : देवपुर के प्रशिक्षण केंद्र में जीवामृत और बायो पेस्टीसाइड बनाने पर दिया प्रशिक्षण**

# प्रशिक्षण कार्यशाला में किसानों ने सीखे जैविक खेती के गुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार





प्रशिक्षण केंद्र देवपुर, वनमंडल बलौदाबाजार में जैविक खेती जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य वनांचल क्षेत्र के कृषकों को जैविक खेती की वैज्ञानिक एवं व्यावहारिक तकनीकों से जोड़कर उन्हें टिकाऊ, लाभकारी एवं पर्यावरण–अनुकूल कृषि प्रणाली की ओर प्रेरित करना रहा।

कार्यशाला में कवर्धा से आमंत्रित कृषि वैज्ञानिक डॉ. तरूणा एवं उनकी विशेषज्ञ टीम द्वारा जैविक खेती से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान जैव उर्वरक, बीजोपचार, जीवामृत, सूक्ष्मजीव आधारित खेती, बायो डिकम्पोज़र एवं बायो पेस्टीसाइड्स के निर्माण, उपयोग और उनके दीर्घकालिक लाभों पर व्यावहारिक मार्गदर्शन दिया गया। किसानों को यह भी समझाया गया कि किस प्रकार जैविक पद्धतियों से मिट्टी की उर्वरता में सुधार, उत्पादन लागत में कमी तथा रासायनिक अवशेष रहित, सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण फसल उत्पादन संभव है।

कार्यक्रम के अंतर्गत सरस्वती महिला स्व सहायता समूह, देवपुर द्वारा की जा रही जैविक सब्जी खेती का स्थल निरीक्षण भी किया गया। विशेषज्ञों द्वारा समूह की महिलाओं को फसल प्रबंधन, प्राकृतिक पोषण एवं कीट नियंत्रण के संबंध में आवश्यक सुझाव एवं मार्गदर्शन प्रदान किया गया। यह उदाहरण किसानों के लिए प्रेरणास्त्रोत के रूप में प्रस्तुत किया गया, जिससे सामूहिक प्रयासों के माध्यम से आजीविका सुदृढ़ करने का संदेश मिला।कार्यशाला का आयोजन एवं समन्वय वन परिक्षेत्र अधिकारी देवपुर संतोष कुमार पैकरा एवं वनरक्षक अजीत ध्रुव द्वारा सम्पन्न कराया गया। कार्यशाला में बलौदाबाजार वनमण्डल के विभिन्न परिक्षेत्रों से आए कृषकगण, कृषि सखियां, महिला स्व सहायता समूह की सदस्याएँ तथा विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# छात्र जीवन में अनुशासन और नैतिक मूल्यों को अपनाये



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

**■ मां शारदा हायर सेकंडरी स्कूल ने मनाया वार्षिकोत्सव**

मां शारदा उच्च माध्यमिक विद्यालय में विद्यार्थियों द्वारा वार्षिकोत्सव पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि केके कुशवाहा थाना प्रभारी खरोरा, पार्षद पंचराम यादव एवं रोहित वर्मा थे। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं गणेश वंदना से कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके पश्चात रामायण की झांकी, कृष्ण अवतार, छत्तीसगढ़ी नृत्य, पंथी नृत्य, रीमिक्स संगीत, सोशल मीडिया पर आधारित प्रस्तुति, सुन मितवा, साउथ इंडियन, बंगाली, राजस्थानी, बॉलीवुड, मराठी नृत्य, गीता उपदेश, महाकाली, एस.आर.के. नृत्य, हॉरर थीम, हम साथ-साथ हैं तथा ऑपरेशन सिंदूर जैसे विविध कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुतियां दी गईं, जिन्होंने दर्शकों का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि केके कुशवाहा ने विद्यार्थियों को संस्कार, संस्कृति एवं शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए जीवन में अनुशासन एवं नैतिक मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य पीएन साहू, संचालक एचडी मानिकपुरी, विद्यालय के समस्त शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे। वार्षिकोत्सव के माध्यम से विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा एवं सांस्कृतिक रुचि का सफलतापूर्वक मूल्यांकन किया गया।

# ग्लोबल जर्नलिस्ट मीडिया संघ ने जरूरतमंदों को बांटे कंबल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

शीतकालीन ठंड के दौरान निर्धन, गरीब एवं असहाय लोगों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से ग्लोबल जर्नलिस्ट मीडिया संघ, भाटापारा के तत्वावधान में कंबल वितरण किया गया। कार्यक्रम में रेलवे स्टेशन, लाल बहादुर शास्त्री वार्ड तथा पटपर चौक के आसपास बैठे जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए गए, जिससे उन्हें ठंड से राहत मिल सके।

कंबल पाकर लाभार्थियों के चेहरों पर खुशी की मुस्कान देखने को मिली और उन्होंने आयोजकों को दिल से दुआएं दीं। इस अवसर पर प्रकाश मोदी, एसडीओपी तारेस साहू, रविंद्र गिन्नौरे, हरिश चौबे, सत्यनारायण पटेल, रमेश पांडे, रामनारायण यादव, अजय कुमार, शंकर सोनी, दीपेंद्र शुक्ला, श्याम सुंदर पुरोहित, ललित तिवारी, सौरभ बरवाड़, शत्रुघ्न सोनवानी, जुगल किशोर तिवारी, सिमगा से राकेश श्रीवास, नितेश रिंकू लाल, संजू जैन, रविंद्र सोनी, दसोदी सिंह पैकरा, यशोदा साहू, दीपा दशरथ साहू, ललित सिंह ठाकुर, बिहारी लाल अग्रवाल, कल्याण सिंह ठाकुर, भंवर सिंह साहू सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ताओं का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

ग्लोबल जर्नलिस्ट मीडिया संघ, भाटापारा ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया।



# लाहोद स्टार ने जीती क्रिकेट स्पर्धा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाहोद

ग्राम लाहोद में आयोजित रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन 23 दिसंबर को हुआ। फाइनल मुकाबला लाहोद स्टार और सोढ़ी के बीच खेला गया। जिसमें लाहोद स्टार की टीम विजयी रही। समापन समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सनम जांगड़े रहे। विशिष्ट अतिथि हरीश साहू, डेनिश साहू, डॉ पुलक विश्वास, किशोर साहू, भरत साहू, धनेश साहू उपस्थित रहे। इस प्रतियोगिता में प्रथम इनाम 50 हजार व शील्ड पर लाहोद स्टार की टीम ने कब्जा किया। दूसरा इनाम 25 हजार ग्राम सोढ़ी एवं तीसरा 12 हजार ग्राम कटगी एवं चौथा 6 हजार बेलपान की टीम रही। यह प्रतियोगिता 15 दिनों तक चली। जिसमें आसपास गांव एवं दूर-दराज गांव के टीम ने भाग लिया। मुख्य अतिथियों के साथ विजेता क्रिकेट टीम के खिलाड़ी व आयोजक टीमों ने भाग लिया था। इस मौके पर मुख्य अतिथि सनम जांगड़े ने कहा कि सरकार खेल को बढ़ावा देने प्रतिबद्ध है। खेल से भाईचारे एवं अपनेपन की भावना जागृत होती है। खेलों में हार जीत लगी रहती है। हारने वाली टीम को निराश नहीं होने चाहिए, बल्कि अगली प्रतियोगिता की तैयारी में जुट जाना चाहिए। खेल को हमेशा ही अनुशासन एवं भाईचारे के साथ खेलना चाहिए। असफलता ही सफलता की पहली सीढ़ी है। खेल जीवन में संघर्ष करना सिखाती है ।

# राष्ट्रीय आविष्कार अभियान में छात्रों ने किया पुरखौती मुक्तांगन और मंत्रालय का भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार





राष्ट्रीय आविष्कार अभियान अंतर्गत जिले के सभी विकासखंडों के कक्षा 6वीं से 12 वीं तक के 190 छात्र-छात्राओं एवं 10 शिक्षक-शिक्षिकाओं को पुरखौती मुक्तांगन एवं मंत्रालय का शैक्षणिक भ्रमण जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला मिशन समन्वयक के नेतृत्व में कराया गया। इस भ्रमण में गणित एवं विज्ञान विषय में रुचि लेने वाले विद्यार्थियों का चयन किया गया था।

एपीसी जहीर अब्बास के मार्गदर्शन में विज्ञान केन्द्र रायपुर में वैज्ञानिक सोच का व्यवहारिक अनुभव, विभिन्न वैज्ञानिक मॉडल एवं उपकरण को नजदीक से देखने व सीखने को मिला। छात्रों ने संग्रहालय में स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े प्रसंगों के देखकर साहस, त्याग और नेतृत्व को समझा। इससे छात्रों में देशभक्ति की भावना जागृत हुई। छात्रों ने यहां विभिन्न जनजातियों के घरों, सामुदायिक जीवन और दैनिक उपयोग की वस्तुओं को देखा एवं नवीन अनुभव से परिचित हुए। लकड़ी, मिट्टी और प्राकृतिक मॉडलों ने बताया कि जनजातीय जीवन प्रकृति से जुड़ा होता है।लोककला और वेशभूषा, संग्रहालय में प्रदर्शित पारंपरिक आभूषण, चित्रकला, हस्तशिल्प ने विद्यार्थियों में जिज्ञासा बढ़ाई। उन्होंने जाना कि छत्तीसगढ़ की जनजातीय त्योहारों, संगीत, नृत्य और परंपराओं से कैसे अपने सामाजिक जीवन को आगे बढ़ाते हैं। पारंपरिक वाद्ययंत्र और सामाजिक संरचना नृत्यशैली रीतिरिवाजों की जानकारी ने छात्रों को सांस्कृतिक मूल्य को समझाया। छात्रों ने कहा इस शैक्षणिक भ्रमण से वैज्ञानिक सोच एवं इतिहास सांस्कृतिक वातावरण के बारे में जानकारी हासिल प्राप्त की।

**कार्यक्रम में मेधावी छात्र-छात्राएं हुए सम्मानित**

# एकलव्य एकेडमी के उत्सवरंगम में बिखरे संस्कृति के रंग




हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

शिक्षण संस्थान एकलव्य एकेडमी में वार्षिक उत्सव उत्सवरंगम धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के नन्हें बच्चों से लेकर आठवीं तक के विद्यार्थियों ने अपनी मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। कार्यक्रम में शैक्षणिक और सह-शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को विशेष रूप से सम्मानित किया।

समारोह के मुख्य अतिथि भाटापारा के पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा रहे। विशिष्ट अतिथियों में एसडीओपी तारेश साहू, वरिष्ठ साहित्यकार बलदेव भारती, आलोक मिश्रा, अमित शर्मा, डॉ. विकास आडिल एवं भाटापारा तहसीलदार उपस्थित रहे। अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का आरंभ किया और अपने संबोधन में बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए स्कूल प्रबंधन की सराहना की।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा समां

कार्यक्रम का आकर्षण प्लेग्रुप के बच्चों और उनकी माताओं द्वारा किया गया संयुक्त नृत्य रहा, जिसने दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। विद्यार्थियों ने मारवाड़ी, पंजाबी और छत्तीसगढ़ी नृत्यों के माध्यम से भारत की विविधता को मंच पर उतारा। कक्षा पहली के बच्चों ने स्वच्छता अभियान का संदेश देकर जागरूकता फैलाई, वहीं कक्षा छठवीं और सातवीं के छात्रों द्वारा प्रस्तुत महाभारत नृत्य नाटिका ने अभिभावकों को भावविभोर कर दिया। एकेडमी की ओर से मेधावी छात्रों को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल प्रदान किए गए। सम्मानों की मुख्य कड़ियां इस प्रकार रहीं। स्टार ऑफ एकलव्य सोनाली वर्मा, बेस्ट स्टूडेंट अवार्ड मोक्ष नेताम, ऐशना भागवानी, शिवा तिवारी, भव्या शर्मा, सोहम नागवानी एवं हर्षिता गंगवानी रही। इसी प्रकार क्रिएटिव माइंड ऑफ द ईयरः नुसरत फातिमा एवं दृष्टि लांझे रहे। एकलव्य संगीत रत्न में लक्ष्य शर्मा, विशेष श्रेणी में लिटिल एक्सप्लोरर, आर्टिस्टिक टैलेंट और सुपर डिसिप्लिन अवार्ड भी दिए गए। एकेडमिक एक्सीलेंस में गत वर्ष की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 86 विद्यार्थियों को एकेडमिक अवार्ड से नवाजा गया। प्रबंधन ने जताया आभार कार्यक्रम के अंत में एकलव्य एकेडमी के चेयरमैन तंजीव अरोरा ने उपस्थित अतिथियों, अभिभावकों, स्कूल स्टाफ और बच्चों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# मनुष्य यदि भगवान को मित्र बना ले तो फिर उन्हें किसी अन्य की जरूरत नहीं होगी



**खरोरा।** ग्राम डीघारी में जारी श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के दूसरे दिवस कथा वाचक उत्कर्ष शर्मा ने कहा कि जिस तरह पांच साल का नन्हा बालक ध्रुव निर्मल मन से भगवान को प्राप्त कर भगवान की गोदी में बैठ गए, उसी तरह हमें भी बच्चों के सामान निर्मल मन वाला होकर भगवान की भक्ति करनी चाहिए, ताकि भगवान हर पल पिता के समान हमारी रक्षा करें। आचार्य ने कपिल गीता के माध्यम से समझाते हुए कहते हैं कि जीव और ब्रह्म में सखा का संबंध होना चाहिए। यदि मनुष्य भगवान को मित्र बना ले तो फिर उन्हें और अन्य की आवश्यकता ही नहीं। इसी से व्यक्ति आत्मज्ञानी हो सकता है और उन्नति तरक्की के मार्ग पर चल सकता है। महाराज ने द्वितीय दिवस की कथा में एक से एक अच्छी अच्छी कथा जैसे भगवान का यज्ञ अवतार, शंकर सती प्रसंग, कर्दम देवहूति कथा तथा अंतिम में ध्रुव कथा सुनाए और भक्तजन भी इस ज्ञान गंगा में डुबकी लगाए।

